दिन–शुक्रवार दिनांक– 20/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस में आज नेताओं द्वारा साझा घोषणा पत्र अपनाया जाएगा।

02. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई निःशुल्क होगी।

03. राज्य सरकार गुंडा बैंकों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। प्रस्तावित कानून संबंधी विधेयक की प्रति विधानसभा में की गई वितरित।

04. और, पटना, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और कटिहार जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि। सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की।

---

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट– दो हजार छब्बीस के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा साझा घोषणा पत्र अपनाया जाएगा। इसमें वैश्विक एआई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की रूपरेखा शामिल होगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी–जीपीएआई परिषद की बैठकें होंगी। साथ ही सदस्य देश जिम्मेदार और समावेशी एआई पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। इससे पहले, कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समिट के दौरान विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। साथ ही उन्होंने व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज सम्मेलन की भी अध्यक्षता की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में व्यापार जगत के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान हुई चर्चाओं को ज्ञानवर्धक और दूरदर्शी बताया। श्री मोदी ने कहा कि मानव प्रगति और सतत विकास के लिए एआई का उपयोग करने की साझा प्रतिबद्धता को देखकर खुशी हुई।

–––बाइट–––

---

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और रोगों की तेजी से पहचान के लिए पटना एम्स आर्टिफिशिसयल इंटेलिजेंस का प्रयोग करेगा। इस संबंध में दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पटना एम्स ने सी–डैक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। समझौते के तहत एम्स पटना सी–डैक के सहयोग से एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पेशल पर्पस हब की स्थापना करेगा। यह केंद्र स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में काम करेगा।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई निःशुल्क होगी। विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री कुमार ने कहा कि इसके लिए नैसकॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

–––बाइट–––

---

राज्य में छोटे कर्जदाताओं को कर्ज देने वाले गुंडा बैंक पर अंकुश लगाने के लिए सरकार जल्द ही नया कानून बनायेगी। इसके लिए सरकार ने कल विधानसभा में बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं एवं प्रपीड़क कार्रवाई निवारण विधेयक– दो हजार छब्बीस विधेयक की प्रति वितरित की। इस विधेयक में कर्जदाता या एजेंट की ओर से कर्ज की वसूली में शारीरिक यातना देने पर तीन से पांच साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। साथ ही पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का भी विधेयक में प्रावधान है। इसके अलावा कर्ज वसूली से पीड़ित व्यक्ति या उसके परिवार के किसी सदस्य की आत्महत्या के मामले में भी भारतीय न्याय संहिता के तहत दंड का प्रावधान किया गया है।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री डिजिटल लाईब्रेरी योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में पचासी प्रखंडों में डिजिटल लाईब्रेरी की शुरूआत हो जाएगी। सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में यह जानकारी दी।

–––बाइट–––

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री यादव ने कहा कि राज्य के कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए फूड पैक हाउस बनाए जा रहे हैं।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मार्च महीने के बाद अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशभर में सघन अभियान चलाया जाएगा। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह जानकारी दी। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में अबतक सत्रह हजार चार सौ इक्यानवे तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है। सिर्फ पांच तालाब ही अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सके हैं।

---

प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं की निगरानी अब मोबाइल ऐप के माध्यम से होगी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित मंत्रालय के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में इस ऐप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह रियल टाईम गर्वनेंस, मोबाईल एप्लीकेशन, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में बन रहे शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से जुड़े बुनियादी ढांचे की सैटेलाइट के जरिए निगरानी करेगा। इस अवसर पर मंत्री ने हज सुविधा ऐप, हज स्मार्ट रिस्ट बैंड और मंत्रालय के एआई चैटबॉट का भी शुभारंभ किया।

---

पटना, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और कटिहार जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। डेयरी मत्स्य और पशु संसाधन विभाग के अनुसार इन जिलों में पिछले दिनों बड़ी संख्या में कौए मृत पाये गये थे। मृत कौओं के नमूनों को जांच के लिए कोलकाता भेजा गया था, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। विभाग ने कहा है कि अभी सिर्फ कौओं में ही संक्रमण मिला है। पॉल्ट्री में अबतक संक्रमण की सूचना नहीं है। इधर, बर्ड फ्लू को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गयी है।

---

राज्य में कौशल विकास को रोजगार उद्यमिता और वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए बिहार कौशल विकास मिशन और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग के सचिव कौशल किशोर ने बताया कि इस समझौते के तहत बिहार में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, अकादमिक कार्यक्रमों का विस्तार और राष्ट्रीय स्तर पर मोबिलाइजेशन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि पटना में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान और सीवान में ओवरसीज प्लेसमेंट के लिए विशेष स्किलिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने पटना में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में पिंक बस की छह महिला चालाकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही उन्होंने पांच राहवीरों को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये का चेक, प्रमाण पत्र और मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

---

प्रदेश के नक्सल प्रभावित रहे जिलों में एक हजार आठ सौ चौदह किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद, गया, रोहतास, नवादा, मुजफ्फरपुर, जमुई, बांका और लखीसराय जिले में इन सड़कों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही बहत्तर पुलों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

---

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज नगर परिषद के कनीय अभियंता अमन कुमार को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी शिकायकर्ता से पेवर ब्लॉक लगवाने के लिए घूस ले रहा था।

---

पटना में नीट छात्रा की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सीबीआई ने कल मृतक छात्रा के ननिहाल जाकर उसके मामा समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पूछताछ की। छात्रा के मौसेरे भाई से भी पूछताछ की गयी है।

---

मुंगेर पुलिस ने जिले के बनरघट्टा पहाड़ी पर संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित, अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

---

सुपौल जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

---

दरभंगा जिले के सोनकी थाना क्षेत्र के सहिला गांव के पास बस और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

---

मुंगेर में पदस्थापित सिपाही अशोक कुमार ने नेपाल के लुम्बिनी में आयोजित साउथ एशोसिएशन कॉम्बैट चैंपियनशिप के नब्बे किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्र ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार के अट्ठाईस विधायकों को हाई कोर्ट से नोटिस। हलफनामे में गलत जानकारी देने के आरोप पर अदालत सख्त। **दैनिक जागरण** सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुए लिखा है मुफ्त की सुविधा मिलेगी तो लोग काम क्यों करेंगे इसके बदले रोजगार दें। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – बिहार में चार सौ से अधिक कौवे मरे, जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि। **प्रभात खबर** ने एआई ग्लोबल इंपैक्ट सम्मिट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अख़बार लिखता है – देश एआई से डरता नहीं, भविष्य देखता है मोदी। **राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की याचिका पर नौ मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई। **आज अखबार** की सुर्खी है – हर प्रखंड में बनेगा मॉडल स्कूल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस में आज नेताओं द्वारा साझा घोषणा पत्र अपनाया जाएगा।

02. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई निःशुल्क होगी।

03. राज्य सरकार गुंडा बैंकों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। प्रस्तावित कानून संबंधी विधेयक की प्रति विधानसभा में की गई वितरित।

04. और, पटना, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और कटिहार जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि। सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।